तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 23 नवंबर 2024

13 राजिम माघी पुन्नी मेला के पहले फरवरी माह में रेल...



14 धान बेचना है तो कांटा करना पड़ेगा और तेल टिपा...





## खबर संक्षेप

### गरीबनाथ तालाब में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**फिंगेश्वर।** नगर के गरीबनाथ तालाब में बुजुर्ग डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के नागरिक बरसन सतनामी उम्र 75 वर्ष दोपहर 2 बजे तालाब नहाने गए थे। नहाते समय तालाब में डूब गए। दोपहर 3 बजे जब महिलाएं तालाब नहाने गई तो देखा कि किसी का शव पानी में तैर रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर तालाब के आसपास भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को सूचना मिलने पर तालाब पहुंचकर शव को पानी से निकलवाया। शिनाख्ती की गई जो बरसन के रूप मे उभर कर सामने आया। मृतक के सिर पर चोट का निशान पाया गया है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि नहाते समय पैर के फिसल जाने से चोट लगी होगी। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह का पता चल पायेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच एवं विवेचना में लिया है।

### रबी फसल के लिए पानी देना सुनिश्चित करे विभाग : रोशन

**कोपरा।** कृषि के क्षेत्र में किसानों की उन्नति के लिए किसानों को रबी फसल के लिए पानी दिया जाय। युवा नेता व सामाजिक



कार्यकर्ता रोशन लाल साहू ने मांग किया है कि आसपास के गांव कसेरुडीह, धुरसा, सहसपुर, मुरमुरा, फुलझर, जमाहि, छुईया, जोगीडीपा, बोड़की, बेलर के अधिकतर किसान रबी फसल लगाते हैं। लेकिन कुछ किसान ऐसे हैं जिनके पास रबी फसल के लिए ट्यूबवेल की साधन नहीं है। जिसके कारण वे रबी फसल बोने से वंचित हो जाते हैं। इस कारण सभी किसानों को रबी फसल के लिए पानी दिया जाए। सभी जगह के बांधों में जल भराव ठीक-ठाक है जो कि वर्तमान स्थिति के हिसाब से रबी फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध है। जल संसाधन विभाग किसानों को अभी से सुनिश्चित करें की कितने एरिया में पानी देना है। ताकि किसानों को लाभ मिल सके।

# परख, अपार आईडी एवं अन्य गतिविधियों का समय-सीमा पर करें क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शिक्षा गुणवत्ता के सुधार और अपार आईडी,परख एवं अन्य विभागीय गतिविधियों के संबंध में जोन प्रभारी प्राचार्य एवं जोन प्रभारी संकुल समन्वयकों ने समस्त प्रधानपाठकों की विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन संकुल केन्द्र अतरमरा में शुक्रवार को हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत,जिला सांख्यिकी अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी श्याम चन्द्राकर सहित जोन प्रभारी प्राचार्य एवं जोन प्रभारी संकुल समन्वयकों, प्राचार्य, संकुल समन्वयक एवं सभी प्रधानपाठकों मौजूद रहे। उप संचालक आशुतोष चावरे के निर्देश पर गरियाबंद जिले के संकुलों को जोन बनाया गया है। बैठक में उप संचालक द्वारा स्पष्ट कहा गया कि शिक्षा गुणवत्ता कोई कमी नहीं आनी चाहिए। शासन द्वारा चलाई जाने वाले विभिन्न प्रकार की योजनाओं को विद्यार्थियों तक पहुंचाएं। परख, अपार आईडी एवं अन्य गतिविधियों योजनाओं के क्रियान्वयन में अगर किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो उसे उच्च कार्यालय को अवगत कारण ताकि समय सीमा पर सभी कार्य पूर्ण हो सके। समीक्षा के दौरान जिला शिक्षाधिकारी ए के सारस्वत एवं जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चन्द्राकर द्वारा आगामी बोर्ड परीक्षा 10वीं 12वीं के संबंध में तथा एकीकृत परीक्षा पांचवी,आठवीं के बारे में आवश्यक तैयारियां के निर्देश दिए गए। जिसमें सभी संस्था प्रमुखों की जानकारी संतोषजनक थी। 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा की बिंदुवार जानकारी ली।

## शिक्षा गुणवत्ता और सुधारने के संबंध में की गई चर्चा




अतरमरा जोन में जिला शिक्षाधिकारी ने प्रधानपाठकों की ली बैठक

### बोर्ड के पैटर्न पर कक्षा पांचवी- आठवीं एकीकृत परीक्षा की तैयारी

बोर्ड परीक्षा के पैटर्न पर कक्षा पांचवी,आठवीं की एकीकृत परीक्षा राज्य स्तर में संपन्न होना है। ताकि जिलों में एकरुपता बनी रहे। जिसके अंतर्गत पांचवी,आठवीं के विद्यार्थियों का आंकलन छमाही परीक्षा के आधार पर करना है। छमाही की कॉपियां अन्य विद्यालयों में चेक किया जाना, विद्यार्थियों को भाषा गणित विज्ञान में प्राप्त नंबर के आधार पर विभिन्न समूह में बांटना, पाठ्यक्रम निर्धारित करना एवं टाइम टेबल जारी किया। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक के विद्यार्थियों के लेखन कौशल सुलेख सुधारने का कार्य तत्काल प्रारंभ करना। संकुल समन्वयकों एवं प्रधानपाठकों द्वारा इसकी मासिक समीक्षा किया जाना है। तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों को पहाड़ा याद करवाना, गणित की मूल संख्याओं से संबंधित प्रश्नों की समझ तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों में विकसित करना, फरवरी माह तक पाठ्यक्रम पूर्ण करना, पांचवी एवं आठवीं के विद्यार्थियों को प्रश्नों के उत्तर लिखने की तैयारी करवाना। इस प्रकार से विभिन्न बिंदुओं पर क्रमशः चर्चा किया गया।

## जल जीवन मिशन योजना : जिले में कहीं टंकी का निर्माण अधूरा तो कहीं नलों से टोटी गायब

# करोड़ों रुपए का पानी न तो लोगों को मिल रहा, ना ही घर तक पहुंच पा रहा

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग विकासखण्ड क्षेत्र में बेहाल है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी लोगों को न तो पानी मिल रहा और ना ही घर तक पहुंच रहा है। ग्रामीण बार- बार सवाल कर रहे नल तो लग गए लेकिन जल कब आएगा?

ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने केन्द्र सरकार द्वारा हर घर नल– हर घर जल प्रदाय करने जल जीवन मिशन योजना की शुरूआत किया गया है। योजना के अन्तर्गत 2024 तक हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने सरकार की योजना थी। 2024 तक केन्द्र सरकार की मंशा हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना सफल हो पायेगी या फिर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ेगा क्योंकि डेढ़ माह बाद यह वर्ष खत्म हो जाएगा। आज भी अधिकांश जगहों पर पानी टंकी का निर्माण कार्य कछुआ चाल से हो रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 10 किमी दूर गरियाबंद विकासखण्ड के अंतिम छोर में बसा मैनपुर से लगे ग्राम पंचायत मोहंदा आश्रित ग्राम तुपेंगा, शुकलाभाठा, जंगल धवलपुर, जरण्डी, बोड़ापाला सहित दर्जनों ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत घरों और ग्रामीणों के बाड़ियों तक में नल की टोटियां लगाई गई है, लेकिन अब तक उनमें पानी आना प्रारंभ नही हुआ है।



### ग्रामीणों का सवाल- नल तो लग गए लेकिन कब आएगा जल?

#### शुकलाभाठा में क्रेडा विभाग के कारण नहीं मिल रहा पानी

ग्राम शुकलाभाठा में जल जीवन मिशन योजना के तहत घरों में पानी पहुंचाने के लिए बकायदा पाइप लाइन बिछाई गई है। आंगनबाड़ी के नजदीक सेंटेक्स की प्लास्टिक टंकी लगाया गया है। टंकी के नीचे ही पानी चल रहा है। गांव में कहीं भी पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। आज भी ग्रामीण महिलाओं को सिर पर मटका रख दूरदराज के कुंए व हैण्डपम्प से पानी ढोना पड़ रहा है। यहां क्रेडा विभाग की लपरवाही देखने को मिल रही है। गांव में पाइप लाइन का कार्य पूर्ण है लेकिन क्रेडा विभाग की लपरवाही के कारण कनेक्शन नहीं जोड़ा गया है और लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।



#### ग्रामीणों ने विधायक निवास पहुंच कर की शिकायत

तुपेंगा,धवलपुर,मोंहदा क्षेत्र के ग्रामीणों ने मैनपुर विधायक निवास पहुंचकर शिकायत किया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव में कहीं पर टंकी का निर्माण किया गया है लेकिन चालू नहीं किया गया। घरो में नल कनेक्शन दिया गया है लेकिन अब तक पानी नहीं आ रहा है। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि ग्रामीण लगातार जल जीवन मिशन योजना की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। लेकिन समस्या के समाधान के लिए पीएचई विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

#### अफसर और निर्माण करने वाले आते हैं और फोटो खींचकर ले जाते हैं

ग्राम तुपेंगा के ग्रामीण मनोराम जगमोहन,देवकी बाई,द्वारिका ने बताया हमारे गांव में नल और टोटी लगे एक साल हो गए लेकिन अब तक पानी की टंकी का निर्माण नहीं किया गया है। समय समय पर विभाग के अधिकारी और निर्माण करने वाले आते हैं और फोटो खींच कर ले जाते हैं। ग्राम शुकलाभाठा के ग्रामीण दयाराम, मनराखन,जीवन ने बताया जल जीवन मिशन योजना के तहत सेंटेक्स प्लास्टिक टंकी लगाया गया है। छह माह हो गया लेकिन अब तक नल में पानी नहीं आया है। ग्राम मोंहदा के ग्रामीणों ने बताया आठ माह हो चुका है टंकी का निर्माण कार्य। लेकिन अभी तक नल जल योजना प्रारंभ नहीं किया गया है। घरो के सामने नल की टोटी लगा दिया गया है। यहां पर ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं।





## निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- नियमितीकरण व सीधे खाते में वेतन भुगतान की मांग
- ठेका प्रथा खत्म करने की अपील की

जिले के नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने 22 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। जिले के गांधी मैदान में इकट्ठा होकर कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए हैं। उनकी प्रमुख मांगों में ठेका प्रथा खत्म करना, सीधे खाते में वेतन भुगतान, और नियमितीकरण शामिल हैं। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने कोरोना काल में निस्वार्थ भाव से काम किया, लेकिन अब भी उन्हें उनके अधिकार नहीं मिल रहे हैं। वे पिछले 10 से 20 सालों से काम कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गरियाबंद जिले में 149 प्लेसमेंट कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें नगर पालिका परिषद गरियाबंद से 58, नगर पंचायत राजिम से 43, नगर पंचायत फिंगेश्वर से 29 और नगर पंचायत छुरा से 19 कर्मचारी शामिल हैं। हड़ताल के चलते नगरीय निकायों में सफाई, जल आपूर्ति, विद्युत, कार्यालयीन कार्य, और सरकारी योजनाओं का संचालन प्रभावित हो सकता है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे आगामी निकाय चुनाव का बहिष्कार करेंगे। जिलाध्यक्ष दीपक वर्मा ने बताया ▶▶| शेष पेज 13 पर

## पंक्तिया में किसानों को चना बीज का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

- कृषि सभापति ने फसल प्रदर्शन के लिए बांटा


छुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पंक्तिया में कृषि विभाग छुरा के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (टरफा) योजना अंतर्गत कृषि सभापति प्रहलाद यदु एवं लगनी अवध साहू जनपद सदस्य,गणेश राम ध्रुव सरपंच एवं उपसरपंच महेंद्र साहू के उपस्थिति में किसानों को चना फसल प्रदर्शन हेतु चना बीज आरवीजी 204 किस्म का वितरण किया गया। जिसमें कृषि विभाग द्वारा किसानों को फसल चक्र अपनाने एवं ग्रीष्म कालीन धान के बदले दलहन -तिलहन एवं मक्का तिवड़ा फसल हेतु प्रेरित किया जा रहा है जिससे अंचल में रबी फसल में दलहन तिलहन व मक्का फसल के रकबे का विस्तार होगा। जिससे किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। उक्त कार्यक्रम में प्रहलाद यदु सदस्य कृषि स्थाई समिति छुरा ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में किसानों को रबी में ज्यादा से ज्यादा फसल चक्र परिवर्तन करने हेतु कृषकों से अपील किया। फसल चक्र से होने वाले फायदे एवं मिट्टी की उर्वरा क्षमता को बढ़ाने हेतु दलहनी फसल की भूमिका पर प्रकाश डाला। कृषि विभाग से रोमन लाल ठाकुर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बीज ▶▶| शेष पेज 13 पर

## ग्रीष्मकालीन फसल में धान के बदले दलहन तिलहन लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- कृषि विभाग के उपसंचालक ने चौपाल लगाकर की किसानों से चर्चा

विकासखण्ड के ग्राम आड़पाथर में किसान चौपाल में किसानों की बैठक लेकर विभिन्न कृषि योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन राय ने ग्रीष्मकालीन फसल में धान के बदले दलहन तिलहन फसल लगाने के साथ कृषक समृद्धि चौपाल के संबंध में किसानों को विस्तार से बताया। साथ ही सिंचाई के संबंध में भी चर्चा की गई। इस मौके पर कृषि अधिकारी मैनपुर भावेश शांडिल्य, जनपद सदस्य जयसिंह मांझी, मंगलसिंह, धरमसिंह, जामसिंह, नरसिंह प्रधान, झुमुकलाल, रूपेश्वर नागेश, रोहित नागेश, केदार कश्यप, राजेश, अर्जुन नागेश सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कृषक उपस्थित थे।



## अश्वनी ने फिंगेश्वर प्रा.कृषि साख सहकारी समिति अध्यक्ष का पदभार किया ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

जिला सहकारी बैंक फिंगेश्वर के अधीन 8 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में से 5 समितियों में भाजपा सरकार द्वारा प्राधिकृत अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति फिंगेश्वर में अश्वनी विश्वकर्मा को प्राधिकृत अध्यक्ष बनाया गया है।

पूर्व पार्षद अश्वनी विश्वकर्मा शुक्रवार को धान संग्रह केन्द्र पहुंचे। जहां पर सोसायटी प्रबंधक मनोज साहू ने उन्हें पदभार ग्रहण कराते हुए उनका रजिस्टर में हस्ताक्षर लिया। उसके पश्चात अश्वनी विश्वकर्मा ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भागवत हरित ने उन्हें बधाई देते हुए किसानों के धान खरीदी की व्यवस्था सुगमतापूर्वक बनाने के साथ साथ अपने पद की गरीमा बनाने की नसीहत दी है। वहीं पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रामूराम साहू,मंडल अध्यक्ष डा.प्यारे लाल सोनकर,मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू,पार्षद मंजू हरित,महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष पदमा यदु,किसन निशाद,दिलीप निशाद,दीपक पोद्दार वैभव सोनी आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार से स्वागत करते हुए बधाई दी।




## जनसंपर्क कार्यालय में विधायक से लोगों ने की मुलाकात

# पीएम आवास का फार्म भरने में आ रही दिक्कत, नहीं बन रहा जाति प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विधायक इंद्रकुमार साहू अपने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम के तहत ऋषिदास वैष्णव सामुदायिक भवन जनसंपर्क कार्यालय में क्षेत्र के लोगों से रूबरू हुए। लोगों की विभिन्न समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समस्या को हल करने के निर्देश दिया। इस दौरान नगर पालिका द्वारा प्रदाय पेयजल पानी की समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक 4 के महिला-पुरुषों ने विधायक श्री साहू को बताया। वार्ड क्रं 12 एवं वार्ड क्रं 15 के नागरिकों ने प्रधानमंत्री ▶▶| शेष पेज 13 पर



अधिकारियों को फोन कर इंद्रकुमार ने हल करने के दिए निर्देश

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजयुमो अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,संजय साहू,बल्लू सोनी,कैलाश तिवारी,पार्षद मयाराम साहू,चुम्मन कंडरा,रवि साहू,अशोक गंगवाल,मुकेश ढीढी,प्रेमलाल साहू,मनीष चौधरी,अनुज राजपूत,अंकित मेघवानी,ईश्वरी देवांगन,घनश्याम साहू,गोलू यादव,राजू रजक,सचिन सचदेव,पंकज देवांगन, तरुण यादव,सदानंद साहू,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्राकृतिक आपदा से मौत पर चार लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील अंतर्गत ग्राम खरता निवासी 09 वर्षीय विद्यासागर का 24 सितम्बर 2024 को तालाब में डूबने से मृत्यु जाने के कारण उनके निकटतम परिजन बलराम ध्रुव को 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम
- बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग- ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग- ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर- ₹1000
- छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
- 100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है।
- बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
बोर खनन के लिए संपर्क करें-
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### शिविर में 255 आवेदनों का निराकरण

**रायपुर।** अभनपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सुन्दरकेरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों को मिले आवेदनों में से 255 आवेदन तत्काल निराकरण किए गए। साथ ही छूटे हुए आवेदनों का निराकरण भी जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। इस शिविर में अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण जल्द होगा। इससे हितग्राहियों को भी काफी राहत मिलेगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 से अधिक हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे।

### पुरंदर मिश्रा ने निर्माण कार्य के लिए किया भूमिपूजन



**रायपुर।** रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने बुधवार को जोन-3 अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड नंबर-12 के गंगानगर क्षेत्र में लगभग 32 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड और सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद डा. प्रमोद साहू सहित जोन कमिश्नर सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### गोंड समाज का परिचय सम्मेलन 15 दिसंबर को



**रायपुर।** क्षेत्रीय छत्तीसगढ़ गोंड समाज कल्याण समिति द्वारा टिकारपारा स्थित गोंडवाना भवन में 15 दिसंबर को विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही विधवा, विधुर एवं परित्यक्ता भी इसमें शामिल हो सकेंगे। आदिवासियों के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक व धार्मिक संस्कृति संबंधी जागरूकता व विकास के उद्देश्य से आदिवासी गोंड़ समाज द्वारा अंतर्राज्यीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी समाज के अध्यक्ष जग्गू सिंह ठाकुर ने देते हुए बताया कि विवाहयोग्य युवक-युवतियों के पंजीयन के लिए 1 दिसंबर से प्रतिदिन 10 बजे से शाम 7 बजे तक टिकरापारा रायपुर स्थित गोंडवाना भवन में आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। सामाजिक एवं पत्रिका प्रकाशन के लिए सहयोग राशि प्रति आवेदन पंजीयन शुल्क 400 रुपए जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

### विधि विभाग के कर्मचारी उपेक्षा के शिकार

**रायपुर।** विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ एवं कर्मचारियों द्वारा दिए गए आवेदनों पर कोई कार्यवाही न होने से उपेक्षा के शिकार हैं। कर्मचारियों की बैठक में बताया गया कि मंत्रालय के समस्त विभाग सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन होने के कारण उनके कर्मचारियों की भर्ती, स्थायीकरण, पदोन्नति, सेवालाभ समय पर प्राप्त हो रहे हैं। वहीं विधि विभाग की स्थापना पृथक होने के कारण यहां के कर्मचारी उपेक्षा के शिकार हैं। बैठक के बाद समस्त कर्मचारी प्रमुख सचिव विधि से मिलकर समस्याओं के निराकरण के लिए चर्चा करना चाह रहे थे, किंतु प्रमुख सचिव द्वारा सभी कर्मचारियों के बजाय कुछ सदस्यों से चर्चा करने की इच्छा जाहिर किए जाने के कारण कर्मचारी बिना मिले लौट आए।

# धान खरीदी केंद्र पहुंचे मंत्री कश्यप, कहा-किसानों को समय पर मिले टोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

धान खरीदी केंद्रों में किसानों की परेशानियों को लेकर सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने केंद्री धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों को टोकन को लेकर आ रही दिक्कतों को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि तुंहर ऐप के माध्यम से किसानों को टोकन तुरंत मिल जाता है।

अभी किसानों को ऐप के प्रचलन में नहीं आने के कारण परेशानी हो रही है। समितियों में किसानों के लिए मैनुअल टोकन लेने की सुविधा भी है। मंत्री ने धान बेचने आए किसानों से व्यवस्थाओं व सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। मंत्री द्वारा इलेक्ट्रॉनिक तौल, नमी मापक यंत्र एवं बायोमेट्रिक का निरीक्षण किया गया। समितियों में टोकन बनाने में आ रही दिक्कतों को लेकर हरिभूमि ने लगातार खबरें प्रकाशित की। मंत्री ने अधिकारियों को किसानों की समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया है।

***90 हजार किसानों को 621 करोड़ का भुगतान***

*27.68 लाख पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा 2739 उपार्जन केंद्रों बनाए गए है। किसानों से 14 नवम्बर से अब तक चार दिन में 4.18 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी हुई है। अब तक 90000 किसानों को 621 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। अब तक 20829 टोकन जारी किया गया है, जिसमें लगभग 1.02 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हेतु जारी किए गए। पैक्स समितियों द्वारा 10 हजार से अधिक रुपे क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया है एवं शेष सभी किसानों को रुपे कार्ड वितरण के लिए आगामी 3 माह में विशेष कैंप लगाने का निर्देश दिया गया।*



■ सहकारिता मंत्री ने मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

सहकारिता मंत्री ने मंत्रालय में अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक ली, जिसमें सहकारिता, मछली पालन, पशुपालन, वनोपज विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। धान खरीदी एवं केंद्रीय सहकारिता तथा राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाऐं सहकार से समृद्धि पर किए गए कार्यवाही की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के बाद मंत्री केदार कश्यप अधिकारियों को लेकर केंद्री उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। वहां धान बेचने आए किसानों से व्यवस्थाओं व सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक तौल, नमी मापक यंत्र एवं बायोमेट्रिक का निरीक्षण किया। केंद्री उपार्जन केंद्र में आए किसान योगेश्वर, झालीराम, जगदीश, ओंकार साहू, रितेश द्वारा मंत्री के समक्ष माइक्रो एटीएम से राशि निकली गई। माइक्रो एटीएम की इस व्यवस्था से किसानों को काफी सुविधा मिली है। मंत्री ने केंद्री के किसान लक्ष्मीनाथ साहू, बिसहत, गोपेश्वर साहू को रुपे केसीसी कार्ड वितरित किया। केंद्री उपार्जन केंद्र में अब तक 166 किसानों से 6159 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जिसके लिए किसानों को 92.49 लाख का भुगतान किया गया। मंत्री ने अधिकारियों से कहा, खरीदी केंद्र से समय सीमा में धान का उठाव किया जावे तथा उठाव सतत रूप से किया जावे। उपार्जन केंद्रों में धान जमाव की स्थिति नहीं होना चाहिए।

### एनसीसीएफ पोर्टल में राज्य की सभी सोसाइटियों का पंजीयन

समीक्षा में सहकारी क्षेत्र में विश्व में सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 617 गोदाम का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। राज्य में 9 पैक्स सोसाइटियों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का संचालन किया जा चुका है। पैक्स के 1965 कामन सर्विस सेंटर पंजीकृत किया गया है। कामन सर्विस सेंटर द्वारा अब तक 1 करोड़ से अधिक का ट्रांजेक्शन किया जा चुका है। मंत्री ने एनसीसीएफ पोर्टल में राज्य के सभी पैक्स का पंजीयन करने वाला राज्य बनने पर सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को बधाई दी। पैक्स सोसाइटियों में किसानों द्वारा माइक्रो एटीएम की समितिवार ट्रांजेक्शन तथा ग्रेडिंग किए जाने का निर्देश दिया गया।

## बैठक : कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों की समीक्षा की

# निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा करें: दीपक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एडीबी, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, गृह निर्माण मंडल, राष्ट्रीय राजमार्ग, सीजीएमएससी एवं सेतु निगम के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्वीकृत निर्माण कार्य जनसामान्य की बहुप्रतीक्षित मांगों से संबंधित होते हैं। इन निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना चाहिए। जिससे इसका लाभ संबंधित क्षेत्रवासियों को समय में मिल सके। विकास कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने से उस क्षेत्र के नागरिकों को उसका लाभ समय पर मिलता है। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों को शिलान्यास एवं लोकार्पण किये जाने वाले कार्यो की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों की सूची बनाएं और उसके आधार पर मॉनिटरिंग करें, इससे निर्माण कार्य में तेजी आएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में सावधानी बरते। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्यों में कोई परेशानी आती है उसकी जानकारी साझा करें।


कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि विभागीय योजनाओं के अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य स्वीकृत किये गए है, उसे शीघ्र प्रारंभ करें और जो कार्य निर्माणाधीन है उसे पूर्ण करें। कलेक्टर ने स्वीकृत निर्माण कार्यों में प्रगतिरत कार्य, अप्रारंभ कार्य के आधार पर अधिकारियों से चर्चा कर सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्कूलों के जीर्णोद्धार कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बंद पड़े कार्यो को शुरू कराये। रिटेंडर वाले कार्यो को टेंडर में लाने की करें। इसके अलावा स्वीकृत कार्यो की सूची उपलब्ध कराये। जिन स्थलों पर कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने समीक्षा बैठक में जिले में हो रहे सड़क, पुल पुलिया निर्माण, नहर लाइनिंग शासकीय आवास निर्माण, अस्पताल, हाउसिंग बोर्ड, स्टॉफ क्वाटर, आंगनबाड़ी एवं स्कूल भवन के निर्माणाधीन कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विलंब चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय निर्माण एवं विकास कार्यों में लापरवाही और अरुचि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा की निर्माण कार्यों के कंस्ट्रक्शन प्लान के अनुसार सभी कार्यों को पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने कहा की तय समय में कार्य पूरा नहीं करने और शासकीय निर्माण - विकास कार्यों को पूरा नहीं करवाने में अरुचिकर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।



### बैठक में ये रहे मौजूद

इस दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस.के. बर्मन, लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा, पीएमजीएसवाय के कार्यपालन अभियंता आर.बी. सोनी, सब इंजीनियर एनएच नेपाल सिंह कंवर, एसडीओ पीडब्ल्यूडी टी.एन दीवान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र बनाए गए राजिम सोसायटी के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

सहायक आयुक्त सहकारिता गरियाबंद ने कृषक सेवा सहकारी समिति मर्यादित राजिम पंजीयन क्रमांक 1190 के बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए जितेंद्र सोनकर को प्राधिकृत अधिकारी-अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। शुक्रवार को 1 बजे जितेंद्र सोनकर भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की तेल चित्र पर पुष्प अर्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यभार संभाला। इस अवसर पर जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, सभापतिपूर्णिमा चंद्राकर,सभापति ओमप्रकाश आडिल,उत्तम निषाद, भारत यादव,पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा ,पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष घनश्याम साहू ,युवा नेता आकाश सिंह राजपूत ,रिकेश साहू ,मुकेश साहू ,सद्दाम अली ,लिकेश्वर साहू ,मोतीलाल साहू व संस्था के प्रबंधक अमृत साहू सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यह जो जिम्मेदारी दी गई है इसे पूरे लगन और ईमानदारी के साथ निभाते हुए सरकार के इस निर्णय और किसानों के हित के लिए खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

### शादियों के सीजन में ट्रेनें रद्द बढ़ी यात्रियों की मुसीबत

**रायपुर।** पटरियों का काम शादियों के सीजन में यात्रियों के लिए अब नई मुसीबत बन चुकी है। आज से बिलासपुर-कटनी सेक्शन के नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण रायपुर व बिलासपुर से होकर गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों का परिचालन रद्द होगा। ऐसे में यात्री सफर से पहले ट्रेनों की जांच पहले कर लें। कन्फर्म टिकट के लिए चार महीने पहले टिकट खरीदने का यात्रियों को फायदा नहीं मिलेगा। 24 से 30 नवंबर तक 24 ट्रेनों के रद्द होने से अब अब उस मार्ग में चलने वाली दूसरी ट्रेनों में वेटिंग 50 से 80 तक पहुंच गया है।

# तहसील में चुनाव से ठप कामकाज पेंडिंग प्रकरणों में 12 दिनों में बढ़ गए 100 से ज्यादा नए केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

तहसील कार्यालय रायपुर में दक्षिण विधानसभा उपचुनाव से कामकाज ठप पड़ा हुआ है। चुनाव ड्यूटी में तहसीलदारों की ड्यूटी लगाए जाने के कारण तहसील कोर्ट में पेंडिंग प्रकरणों की संख्या भी बढ़ती जा रही है।

सूत्रों के अनुसार पिछले 12 दिनों में तहसील कार्यालय में 100 से ज्यादा नए केस आ चुके हैं। इनमें राजस्व संबंधी प्रकरणों के अलावा जाति, मूल निवास, आय प्रमाण पत्र से संबंधित भी हैं। ये केस भी पेंडिंग प्रकरणों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। इस तरह तहसील में पेंडिंग प्रकरणों की लिस्ट भी लंबी होते हुए 5 हजार के करीब पहुंच चुकी है।



### एसडीएम कोर्ट में 1087 प्रकरण लंबित

रायपुर तहसील के एसडीएम कोर्ट में ही 1087 प्रकरण लंबित है। इसके अलावा तहसीलदारों के कोर्ट में भी 150 से लेकर 400 प्रकरण लंबित है, जिनका निराकरण नहीं होने तथा पेशी की तारीख बार-बार आगे बढ़ाए जाने के कारण पक्षकारों को कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

### मतदान के दो दिन पहले से कामकाज ठप

विधानसभा उपचुनाव के कारण मतदान के दिन के दो दिन पहले से ही तहसील कार्यालय में कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। चुनाव ड्यूटी में व्यस्तता के कारण तहसीलदारों ने मतदान के दो दिन पहले से ही कार्यालय में बैठना छोड़ दिया था। इसके कारण तहसील में पेंडिंग प्रकरणों के साथ नए प्रकरणों का भी निराकरण नहीं हो पा रहे थे। तहसील कोर्ट में राजस्व से संबंधित जितने केस पेंडिंग है, उन सभी पक्षकारों को पेशी की तारीख चुनाव खत्म होने के बाद की दी गई है। इस तरह अब मतगणना के बाद 25 नवंबर सोमवार से ही तहसील कार्यालय के कामकाज में तेजी आ पाएगी।

### भक्तों के उद्धार के लिए हुआ था भगवान राम का अवतरण : पांडेय



**रायपुर।** संतों और भक्तों को तारने के साथ ही किसी का पुत्र तो किसी का बेटा और किसी का पति तो किसी का भाई बनने के लिए और अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान विष्णु ने भगवान राम के रूप में अवतार लिया था।। जैसे की मनु और शतरूपा ने भगवान को बेटे के रूप में पाने की इच्छा जाहिर की थी तो उनकी इच्छा पूरी करने के लिए जब मनु और शतरूपा, राजा दशरथ और कौशल्या बनकर आए तो उनके यहां भगवान राम ने अवतार लिया और उनकी इच्छा पूरी की। इसी तरह अनेक ऋषि-मुनियों को तारने के लिए भगवान राम का अवतरण हुआ। ये बातें डूमरतराई में चल रही श्री रामकथा के चौथे दिन गुरुवार को दौरान आचार्य युवराज पांडेय महाराज ने कहीं। उन्होंने आगे बताया कि भगवान राम ने माता अहिल्या माता शबरी के उद्धार और खुद रावण के मन में भी इच्छा थी कि उनका उद्धार भगवान के हाथों से हो, इसलिए भगवान राम को मानव जन्म लेकर आना पड़ा। चौथे दिवस आचार्य श्रीयुत युवराज पांडेय ने भक्तों को भगवान की यह कथा बताई।

# चार साल से थानों के मालखाने में जमा शराब पर पुलिस ने बुलडोजर चलाकर किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शासन तथा पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पिछले चार साल से रेंज के अलग-अलग थानों में जमा शराब पर पुलिस ने बुलडोजर चलवाकर जमींदोज किया। शराब नष्टीकरण रायपुर एसएसपी डॉ. संतोष सिंह तथा अन्य पुलिस अफसर, प्रशासनिक तथा आबकारी अफसरों की निगरानी में की गई। जब्त शराब की कीमत करोड़ों में आंकी गई है। सबसे ज्यादा शराब रायपुर तथा बलौदाबाजार जिले की थी। सबसे कम शराब गरियाबंद जिले की थी।

■ वर्ष 2020 से मार्च 2024 के अवधि में जब्त शराब का माना थाना में किया नष्टीकरण

पुलिस के अनुसार मादक पदार्थों की तस्करी तथा अवैध खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने शराब के साथ अन्य मादक पदार्थों की जब्ती होती रहती है। दो माह पूर्व थानों के मालखाना में जमा गांजा नष्ट करने की कार्रवाई के बाद शराब नष्ट करने का काम किया गया है। अलग-अलग थानों में जब्त शराब को पुलिस कर्मी ट्रक तथा अन्य वाहन में लेकर माना थाना पहुंचे। इसके बाद थाने के पीछे खाले मैदान में शराब की बोतल तथा शीशी को एक लाइन में बिछाया गया। इसके बाद शराब की बोतल तथा शीशी को बुलडोजर चलाकर नष्ट किया गया।



### 80 फीसदी से ज्यादा शराब रायपुर, बलौदाबाजार की

पुलिस ने बुलडोजर चलाकर जिन शराब की बोतल तथा शीशी को नष्ट किया है, उनमें से 80 फीसदी से ज्यादा शराब रायपुर तथा बलौदाबार जिले से जब्त की गई शराब को नष्ट किया है। सबसे कम शराब गरियाबंद जिले का रही है। गरियाबंद जिले से जब्त 434 लीटर शराब को नष्ट किया गया है।

### इन जिलों से इतनी शराब का नष्टीकरण

- रायपुर - 1638 प्रकरण में 33,734 लीटर शराब का नष्टीकरण
- महासमुंद - 786 प्रकरण में 12,117 लीटर शराब का नष्टीकरण
- धमतरी - 56 प्रकरण में 1,516 लीटर शराब का नष्टीकरण
- गरियाबंद - 101 प्रकरण में 434 लीटर शराब का नष्टीकरण
- बलौदाबाजार - 1934 प्रकरण में 33,163 लीटर शराब का नष्टीकरण

# सुशासन के लिए जनभागीदारी जरूरी इससे मिलेगा चुनौतियों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारत एवं छत्तीसगढ़ सरकार के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर में 'गुड गवर्नेंस' पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा, सुशासन के लिए जनभागीदारी जरूरी है। इसके जरिए कठिन से कठिन चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है।

गुड गवर्नेंस की बेस्ट प्रेक्टिसेस, नागरिक सशक्तिकरण, शासन-प्रशासन के कामकाज और नागरिक सेवाओं की आम जनता तक पहुंच को आसान बनाने के लिए विभिन्न ई-प्लेटफार्म के उपयोग आदि से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए 150 प्रतिनिधि सहित छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के पहले दिन के दूसरे सत्र में 'जिला प्रशासन में महिला नेतृत्व' विषय पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने की। सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले की कलेक्टर मोनिका रानी एवं लखीमपुरी-खीरी की कलेक्टर दुर्गा शक्ति नागपाल और धमतरी जिले की कलेक्टर नम्रता गांधी ने सत्र को सम्बोधित किया। कलेक्टर मोनिका रानी ने सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा, हमें फील्ड में जाकर जनता से मिलकर शासकीय सेवाओं की सहजता से आम जनता तक पहुंच सुनिश्चित करना चाहिए। कलेक्टर दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा, स्वस्थ समाज के निर्माण महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि वे मल्टीटास्कर, प्राकृतिक रूप से देखभाल करने वाली और संवेदनशील होती हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में महिलाओं का समूह केले की खेती और सह-उत्पाद निर्माण और ई-कॉमर्स से अपने उत्पाद का विक्रय कर रहा है। महिला समूहों के इस कार्य की प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है।



■ 0गुड गवर्नेंस की रीजनल कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न राज्यों के 150 प्रतिनिधि ले रहे हिस्सा

# नकाबपोश बदमाशों ने युवक के गले पर चाकू अड़ाकर 31 हजार रुपए लूट लिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

लगातार सख्ती के बाद भी बदमाशों के मन में पुलिस के प्रति खौफ कम होता जा रहा है। बदमाश आए दिन गंभीर किस्म की आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। गुरुवार दोपहर तीन बजे स्कूटर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने एक युवक के गले पर चाकू अड़ाकर जेब में रखे नकदी 31 हजार रुपए तथा एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर बदमाशों के बारे में पतासाजी करने की बात कह रही है। पुलिस के मुताबिक दलदलसिवनी निवासी मानिक तलरेजा ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। मानिक ने पुलिस को बताया है कि वह दोपहर तीन बजे अपने पिताजी को नहर पारा स्थित दुकान में खाना देने जा रहा था। इस दौरान कांपा बस्ती के आगे धान मंडी जाने के मार्ग पर जूपिटर सवार दो बदमाशों ने उसकी दोपहिया को जबरदस्ती रुकवाया। इसके बाद एक बदमाश ने उसके गले पर चाकू टिकाया और दूसरे बदमाश ने उसकी जेब में रखी नकदी रकम के साथ मोबाइल लूट लिया। घटना को अंजाम देने के बाद वे मौके से फरार हो गए। बदमाश सिल्वर कलर की जूपिटर पर सवार थे।

■ गुरुवार दोपहर तीन बजे के करीब पंडरी स्थित धान मंडी के पास की घटना

■ बदमाशों की पतासाजी में जुटी पुलिस



## खबर संक्षेप



### पटेवा सहकारी समिति की अध्यक्ष बनीं रामेश्वरी

**पटेवा।** सहकारी समिति पटेवा के अध्यक्ष रामेश्वरी पैकरा ने कार्यभार संभाला। समिति के प्रभारी शंकर गजेंद्र ने पुष्प एवं गुलाल से स्वागत किया। उसके बाद श्रीमति पैकरा ने सोसायटी में धान बेचने वाले सभी किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी किसानों को कोई भी समस्या नहीं होगी। सरकार के सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर पचरी सोसायटी प्रभारी शंकर गजेंद्र, भाजपा मंडल अध्यनक्ष धरम पटेल, भाजपा नेता सुनील पटेल, मनोहर साहू, रविशंकर पैकरा, प्रेम यादव, कुलेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

### महिला स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर हुआ कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में रेड रिबन क्लब तथा रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य हयूमा लिली दीवान के निर्देशन में महिला स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान के तहत जेहोवारोही इंडिया प्राइवेट लिमिटेड संस्थान द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता स्मिता रहीं। साथ ही उनके के साथ मन्नू दीवान आयुर्वेदिक सलाहकार, यशोदा ध्रुव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता स्मिता ने अपने वक्तव्य में महाविद्यालय के छात्राओं को महावारी के समय होने वाली परेशानी को कैसे कम किया जाए, सही खान-पान का अनुपात तथा महावारी के बैक्टेरिया से होने वाली बीमारियों व उनके रोकथाम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों का निवारण किया गया। संचालन रेडक्रॉस व रेड रिबन प्रभारी लता भोई ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता राखी यदु, दीक्षा गजेन्द्र, प्रेमलता सेंदरिया, हेमलता नायक तथा सभी संकाय के छात्राएं उपस्थित रहे।

# किसानों को रबी मौसम में धान के अलावा अन्य फसल लेने किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, लघुधान्य, मक्का एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन हेतु कृषि व उद्यानिकी विभाग द्वारा कृषक समृद्धि चौपालों का आयोजन कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। चौपालों के आयोजन से कृषकों में व्यापक जागरूकता आई है। दलहन तिलहन उत्पादन की ओर किसानों का रूझान बढ़ा है। किसानों को फसल विविधीकरण के महत्व को बताया जा रहा है। इसके अंतर्गत गर्मी के मौसम में पानी की कमी होने के कारण धान के अलावा अन्य दलहन-तिलहन लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को धान की खेती से ज्यादा मुनाफे वाले दलहन-तिलहन एवं ग्रीष्मकालीन अन्य फसलों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा किसानों से यह अपील भी की जा रही है कि भू-जल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए धान के बदले कम पानी लागत वाले फसलों की खेती की जाए।

कृषक चौपाल में किसानों को बताया जा रहा है कि खरीफ धान के पश्चात पुनः रबी धान की खेती से मृदा उर्वरता का ह्रास होता है, कीट-व्याधि की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जाती है। फलस्वरूप साल दर साल कीटनाशी की उपयोग की जाने वाली मात्रा लगातार बढ़ती जा रही है, जो मानव सहित सभी जीवो के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है। साथ ही पर्यावरण को भी दूषित कर रहा है।

## कृषक समृद्धि चौपाल में फसल विविधीकरण की दी जा रही जानकारी




### बहुस्तरीय कृषि पद्धति अपनाकर लें ज्यादा लाभ

कृषक अपने खेतों में बहुस्तरीय कृषि पद्धति अपनाकर एक ही खेत में एक समय में 3 से 4 या ज्यादा फसल जैसे- अदरक, हल्दी, आलु, मक्का, सरसों, पपीता, केला, कालीमिर्च इत्यादि की फसल लेकर अधिक मुनाफा कमा सकते है। उप संचालक कृषि ने बताया की ऐसे ग्राम जो ग्रीष्मकालीन धान को पूर्णतः अन्य फसलों से स्वप्रेरणा से प्रतिस्थापित करेंगे उन्हे जिला स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। किसान जो ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर गेहूं, मक्का, रागी, चना, सरसों, अलसी, मसुर, मटर, उड़द, मूंगफली जैसी फसलें लेना चाहते है वे अपने नजदीकी कृषि कार्यालय व क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि, उद्यान विस्तार अधिकारी एवं अपने ग्राम के किसान मित्र से यथा शीघ्र सम्पर्क कर नकद व अनुदान पर बीज प्राप्त कर सकते है।

## अच्छी खबर : रेलवे स्टेशन सहित अन्य का फिनिशिंग का कार्य चल रहे है तेजी से

# राजिम माघी पुन्नी मेला के पहले फरवरी माह में रेल शुरू होने की संभावना, लोगों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- 25 लाख लोगों को सुविधा देने के हिसाब से बनी है कार्ययोजना

रायपुर-राजिम के बीच छोटी रेल लाइन को अपग्रेड किया जा रहा है। राजिम से अभनपुर 17 किमी की दूरी पर नई पटरी बिछ गई है। जानकारी के मुताबिक रेलवे ने 1 अरब रुपए का प्रोजेक्ट बनाया हुआ है। नदी किनारे से कुछ ही दूर जहां पुराना प्लेटफार्म था, उसे डिस्पोज कर उसी जगह नया भवन बन कर तैयार हो गया है। यात्रियों को वे तमाम सुविधाएं यहां हासिल हो जाएंगी जो बड़े स्टेशन में मिलती है।

उल्लेखनीय है कि केंद्री से धमतरी और राजिम तक बड़ी रेल लाइन का शिलान्यास 6 अक्टूबर 2018 को तत्कालीन रेलमंत्री पीयूष गोयल एवं छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने किया था। वर्ष 2022 तक रेल लाइन बिछाने का लक्ष्य था किन्तु कोरोना कॉल आ जाने के कारण वर्ष 2024 बढ़ा दिया गया। छोटी लाइन को पुनः ब्रॉडगेज लाइन बिछाकर ट्रेन परिचालन का निर्णय लिया गया। सारे बड़े काम पूरा हो गया है सिर्फ फिनिसिंग का काम चल रहा है। संभावना जताई जा रही है कि तीन माह के भीतर बाकी काम भी पूरे हो जाएंगे। राजिम रेलवे स्टेशन बनने के बाद देश एक अनोखा रेलवे स्टेशन कहलाएगा। इसका कारण यह है कि रेलवे स्टेशन रायपुर जिले के नवापारा नगर में होगा जो गरियाबंद जिले के राजिम के नाम से जाना जाएगा। नदी के पहले नवापारा एवं नदी के उस पार राजिम स्थित है।



### इंदिरा मार्केट व मोहल्ला होगा प्रभावित

उल्लेखनीय है कि इस शहर को बड़ी रेल लाइन ब्रॉडगेज की सौगात मिल रही है। वहीं यहां का एक बड़ा एवं अहम हिस्सा इंदिरा मार्केट एवं पूरा मोहल्ला प्रभावित हो रहा है। इंदिरा मार्केट एवं पूरा एरिया विगत 5 दशकों से अधिक समय से वहां है। कुछ माह पूर्व मोहल्लेवासियों ने शासन से प्रभावित दुकानों एवं घरों के लिए जमीन की मांग की थी किन्तु अब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।



### रायपुर-राजिम मार्ग पर ट्रैफिक होगा कम

बहुप्रतीक्षित रेलवे मार्ग का काम पूर्ण होने का इंतजार यात्रियों के साथ-साथ नवापारा-राजिम के सब्जी व्यापारियों एवं फुटकर विक्रेताओं एवं व्यापारियों को भी है। रेल मार्ग बनने से रायपुर, राजिम सड़क मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। साथ ही रायपुर ,धमतरी ,नया रायपुर एवं अन्य शहर जाने के लिए एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा।

### फरवरी में हो उद्घाटन की संभावना : विनय सिंह



प्रोजेक्ट मैनेजर विनय सिंह ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि काम लगभग पूर्णता की ओर है। उम्मीद कर रहे है कि राजिम माघी पुन्नी मेला के पहले फरवरी माह में शुरू हो जाएगा। फिलहाल फिनिसिंग का काम काफी स्पीड से चल रहा है। बताया कि बड़ी रेल का स्टापेज राजिम और मानिकचौरी होगा। इस पटरी पर मालगाड़ी भी दौड़ेगी। 17 किमी के दायरे में 36 माइनर ब्रिज बनकर तैयार है। शहर के वार्ड नंबर 2 जो कि रेलवे लाइन के किनारे है,इस वार्ड के लोगो की सुविधा के लिए एक सड़क भी पटरी के किनारे से बनाकर मेन रोड में जोड़ी जाएगी। जहां पर पहले फाटक था, वहीं पर लगाया जाएगा। मालूम हो कि 1888 में राजिम की छोटी रेल छुकछुकिया शुरू हुई थी।

### 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा योजना का लाभ

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अक्टूबर को देश के समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाभ दिलाने के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना का शुभारंभ किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिकों को योजना का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों को लाभ प्राप्त करने की पात्रता होगी। इसके लिए हितग्राहियों का फिर से योजनांतर्गत ई-केवाईसी करवाना होगा। योजनांतर्गत सभी को आयुष्मान वय वंदना कार्ड जारी किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पात्रता का आधार हितग्राही की आयु ही मात्र होगी, जिसे आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा। राज्य में आयुष्मान भारत में सम्मिलित अर्थात राशन कार्ड में सूचीबद्ध एवं अन्य समस्त 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक पात्र होंगे। अन्य निजी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं एवं ईएसआईसी के तहत पंजीकृत हितग्राही भी योजना के लिए पात्र होंगे। 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को संयुक्त रूप से अतिरिक्त रूपये 5 लाख का टॉप-अप योजनांतर्गत प्राप्त होगा। जो कि परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा योजनांतर्गत उनकी पात्रता के अनुसार प्रस्तावित बीमा कवर का आंशिक या पूर्ण उपयोग कर लेने के पश्चात भी वरिष्ठ नागरिकों का प्रदान किया जायेगा। इस संबंध में गरियाबंद जिले में आयुष्मान योजनान्तर्गत पंजीकृत समस्त शासकीय चिकित्सालयों में कार्ड बनाया जा रहा है। जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है।

# खोकसरा धान उपार्जन केंद्र में पानी की व्यवस्था नहीं, तरस रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- देवभोग ब्लॉक के धान उपार्जन केन्द्र खोकसरा में समस्या बढ़ी

गरियाबंद जिले के देवभोग ब्लॉक अंतर्गत आने वाले धान उपार्जन केन्द्र खोकसरा के किसान पानी के लिए तरस रहे हैं। हैंडपंप की व्यवस्था नहीं होने की वजह से जल संकट छाया है। धान उपार्जन केन्द्र में किसानों ने बताया कि ज़िम्मेदार अधिकारियों को हैंडपंप की व्यवस्था कराने के लिए अनेक बार लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है उसके बावजूद किसी प्रकार का निराकरण नहीं हुआ है। धान उपार्जन केंद्र में हज़ारों किसान के लिए पानी की व्यवस्था नहीं करा पा रही है। मंडी के समीप एक सोलर पैनल लगाया गया है जो कि विगत एक साल से खराब पड़ा हुआ है। पानी की व्यवस्था नहीं होने की वजह से कर्मचारी सहित किसान पानी के लिए काफ़ी ज्यादा परेशान हैं और प्यास लग जाने पर तरस जाते हैं।

### एक किमी दूर से ला रहे पानी



हालांकि उपार्जन समिति द्वारा एक किलोमीटर दूरी तय कर गांव से ड्रम व हांडी जैसे पात्र में पानी की व्यवस्था की जा रही है। लेकिन मंडी में हैंडपंप नहीं होने की वजह से किसानों सहित उपार्जन केन्द्र के कर्मचारी परेशान हैं। समाज सेवक आकाश प्रधान ने शासन प्रशासन से मांग की है कि धान उपार्जन केंद्र खोकसरा में तत्काल प्रभाव के साथ हैंडपंप खनन किया जाए, जिससे किसानों और कार्यरत कर्मचारियों को जल संकट से छुटकारा मिल सके।

### अजजा शासकीय सेवक संघ का शपथ ग्रहण कल

**महासमुंद।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय प्रबंधकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 24 नवम्बर रविवार को पं दीनदयाल ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अध्यक्षता आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि संसदीय कार्य वन एवं जलवायु परिवर्तन जल संसाधन कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग मंत्री केदार कश्यप, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक कोंडागांव लता विसेंडी, विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम, विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक बिन्द्रानवागढ़ जनक ध्रुव, विधायक रामपुर फूलसिंग राठिया, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, विधायक मरवाही प्रणव कुमार मरपची, विधायक कांकेर आशाराम नेताम, अजजा शासकीय सेवक विकास संघ छग के पूर्व प्रांताध्यक्षगण सरजियस मिंज (आईएएस), बीएल ठाकुर (आईएएस), जीएस धनंजय (आईएएस), शिशुपाल शोरी (आईएएस), विजय ध्रुव (आईएफएस) होंगे। संघ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव, उपप्रांताध्यक्ष कमलेश ध्रुव, प्रांतीय संयुक्त सचिव एसपी ध्रुव, सदस्य सुरेंद्र कुमार भोई एवं जिलाध्यक्ष महासमुंद एमएल ध्रुव ने सदस्यों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

पेज 11 के शेष...

### निकाय प्लेसमेंट...

कि राज्य में 184 नगरीय निकायों में लगभग 20,000 प्लेसमेंट कर्मचारी कार्यरत हैं। वे लंबे समय से अन्य विभागों जैसे जल संसाधन,पीएचई, वन विभाग के कर्मचारियों की तरह सीधे वेतन भुगतान की मांग कर रहे हैं। संघ ने कहा कि सीधे वेतन भुगतान से शासन पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा।

### पंक्तिया में किसानों...

वितरण में उपस्थित रहें। **इन किसानों को दिया गया-** बालमकुंद चंद्राकर, शिवनाथ ध्रुव, कन्हैया लाल ध्रुव , हीरालाल पटेल, साधुराम ध्रुव, भूपेंद्र कुमार ध्रुव, रमेश चंद्राकर, प्रहलाद, भूपेंद्र चंद्राकर, गिरधर ध्रुव, नाथूराम,हेमू साहू, रामू साहू, भीखम साहू, ईश्वर साहू , भगवान सिंह ध्रुव, मोहन ध्रुव, भूपेंद्र कुमार ध्रुव, मुनेश्वर पटेल, चैतराम ध्रुव, रामलाल पटेल , ईश्वर साहू, धनीराम साहू, राधाबाई साहू, हरिराम पटेल आदि किसानों को वितरण किया गया।

### पीएम आवास का...

आवास योजना के लिए फॉर्म भरने के दौरान आ रही दिक्कतों के बारे में अवगत कराया। वार्ड क्रं 15 देवारपारा के कोमल देवार व अन्य लोगों ने विधायक श्री साहू को बताया कि हमारा जाति प्रमाण पत्र बनाने में दिक्कत हो रही है, जिस पर सीएमओ प्रदीप मिश्रा को सभी समस्याओं को हल करने कहा। विधायक श्री साहू ने सभी वार्डों में पेयजल ,बिजली, सड़क जैसे मूलभूत आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देते हुए सुचारू रूप से निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 12 के देवांगनपारा के एक आंख की समस्या से पीड़ित के ईलाज के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष के लिए अनुशंसित किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



# धान बेचना है तो कांटा करना पड़ेगा और तेल टिपा, प्लास्टिक बाल्टी का किसान पी रहे पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा/मुड़ागांव

क्षेत्र में विभिन्न समितियां के माध्यम से 14 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ किया गया है। एक सप्ताह से अधिक हो गया है किंतु अभी भी धान खरीदी गति नहीं पकड़ पा रही है। समितियां अलग-अलग समस्याओं से जूझ रही हैं। धान बेचने के लिए जो सुविधा किसानों को मिलनी चाहिए, वो नहीं मिल पा रहीं हैं। किसान असुविधाओं के बीच धान बेचने को मजबूर है। शासन द्वारा लगातार प्रसाधन, पीने का पानी, किसानों के लिए सेट, अन्य सुविधाओं के लिए धान खरीदने के पूर्व एक सप्ताह से बैठक लेकर सभी तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। आदिम जाति सेवा समिति पंक्तियां और रानी परतेवा में हमाल की समस्या बरकरार है। यहां किसानों को खुद ही धान का कांटा करना पड़ रहा है। अभी शुरुआत में कम किसान आ रहे हैं तो यह सब चल रहा है। किंतु कुछ समय बाद जब किसानों की संख्या बढ़ेगी तब किसान अपना अपना धान पहले कांटा करने के चक्कर में विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है। धान खरीदी केंद्र पत्तिया में कुछ हमाल आ रहे हैं जो बोरों के छल्ली लगाने को तैयार है। कुछ दिन बाद और आने कह रहे है, किंतु वर्तमान में किसान अपना धान बेचने के लिए खुद कांटा कर रहे हैं। इसी तरह आदिम जाति सेवा समिति रानी परतेवा में प्रारंभ से ही हमाल की समस्या है यहां पर किसान अपना धान स्वयं कांटा कर रहे हैं। छल्ली रखने के लिए बाहर से हमाल बुला रहे हैं। किसानों की संख्या बढ़ने पर समस्याएं बढ़ सकती है।

## किसान असुविधाओं के बीच धान बेचने को मजबूर

### जल्द बनाएंगे व्यवस्थाः शाखा प्रबंधक



आदिम जाति सेवा समिति के अंतर्गत उपार्जन केंद्र साजा पाली में पीने के पानी के लिए अभी भी एक तेल का टीपा और दो प्लास्टिक बाल्टी रखे हैं। इसी से ही किसानों को पानी पिलाया जा रहा है। इस संबंध में जिला सहकारी बैंक शाखा खड़मा के शाखा प्रबंधक साहू ने बताया कि धान खरीदने के पूर्वही सभी उपार्जन केंद्र के प्रभारी को निर्देश दिया गया है कि सभी तैयारी कर लें। केंद्र साजा पाली में 14 नवंबर को तेल टीपा हटाकर स्टील ड्रम में पानी भरने और अन्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया था। किंतु अभी वही तेल टीपा में किसानों को पानी पिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंक्तियां एवं रानी परतेवा में धान खरीदी में किसान अपना खुद धान का कांटा कर रहे हैं। छल्ली रखने के लिए अन्य जगह से हमाल बुलाया गया है। दोनों समितियां में जल्द ही हमाल की व्यवस्था की जा रही है ताकि किसानों को कांटा करना ना पड़े।



पंक्तियां और रानी परतेवा में हमाल की समस्या बरकरार

### एक सप्ताह बाद आएंगे हमाल

इस संबंध में रानी परतेवा समिति के प्रभारी कुलेश्वर साहनी ने बताया कि अभी किसान स्वयं अपना कांटा कर रहे हैं हमालों से लगातार बात हो रही है। धान काटने में व्यस्त होने की वजह से अभी नहीं आ रहे हैं। एक सप्ताह बाद आने का आश्वासन मिला है। इसी तरह पंक्तिया में भी अगले सप्ताह दूसरे जगह से हमाल का बात कही है।

## खबर संक्षेप



### मेघ भवन में योगाभ्यास शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** शहर के गांधी चौक स्थित मेघ भवन में 4 अगस्त से नियमित योग अभ्यास शिविर से शहरवासी लाभान्वित हो रहे हैं। यह योगाभ्यास विवेक वर्धमान ग्रुप की ओर से संचालित हो रहा है। योग शिविर में योगाचार्य दीपक वैष्णव द्वारा अनेक प्रकार के योग अभ्यास कराया जा रहा है। जिसमें शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के गुर सिखाए जा रहे हैं। योग सहित विभिन्न प्रकार के आसान जो शरीर को स्वस्थ बनाने में सहायक है, जैसे मंडूकासन, मर्कटासन, गौमुखासन, धनुरासन एवं इस योग शिविर में योग प्राणायाम, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम भ्रामरी जैसे सभी प्राणायाम का अभ्यास इस योग शिविर में नियमित रूप से कराया जा रहा है। जिसमें पुरुष एवं महिलाएं सहित सभी वर्ग के लोग इस योग शिविर का लाभ ले रहे हैं।

### पचरी सहकारी समिति के अध्यक्ष ने संभाला पदभार

**पटेवा।** सहकारी समिति पचरी के प्राधिकृत अध्यक्ष टीकाराम पटेल ने कार्यभार संभाला। समिति के प्रभारी डोलनारायण पटेल ने पुष्प एवं गुलाल से स्वागत किया। बाद पटेल ने सोसायटी में धान बेचने वाले सभी किसानों का स्वागत किया और अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी किसानों को कोई भी समस्या नहीं होगी। सरकार द्वारा दी जा रही सुविधा सभी को उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान पचरी सोसायटी प्रभारी डोलनारायण पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, भाजपा नेता सुनील पटेल, मनोहर साहू, रविशंकर पैकरा, राजेश्वर ध्रुव, गजानंद पटेल, हेमराज ध्रुव, तेजराम ध्रुव, शिवकुमार मंडावी, रामदयाल ध्रुव, पुरूषोत्तम, खिलेश्वर ध्रुव, संतुराम ध्रव, देवानारायण ध्रुव, कांशीराम ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

## आयोजन : सांसद रूपकुमारी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# स्कूली बसों में बच्चों को क्षमता से अधिक न बैठाएं व यातायात नियमों का कड़ाई से कराएं पालन : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय और राजकीय सड़क मार्ग के साथ-साथ ग्रामीण तथा वनांचल मार्गों में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, जिला परिवहन अधिकारी रविन्द्र ठाकुर, डीएसपी सुश्री निशा सिन्हा सहित समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय है बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने आमजनों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर कार्य करने की बात कही। सांसद ने दुपहिया वाहन चालको से अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सहायक सड़कों के दुर्घटनाजन्य वाले स्थानों को चिन्हित कर रंबल स्ट्रिप बनाने, आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने, घुमन्तू मवेशियों को सड़क से हटाने व रेडियम बेल्ट लगाने, रात्रि में अंधेरे की वजह से हो रही दुर्घटनाओं वाले स्थानों में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। सांसद ने स्कूली वाहनों एवं यात्री बसों में सड़क सुरक्षा मानकों का गंभीरता से पालन कराने के लिए कहा। बसों की समय समय पर फिटनेस जांच अनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही इन वाहनों में ओवर स्पीडिंग एवं ओवर लोडिंग के प्रकरण में परिवहन विभाग को कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्कूली बसों में बच्चों को क्षमता से अधिक नहीं बैठाने के निर्देश दिए तथा समय-समय पर स्कूली बसों की जांच करें।

■ पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाइल नं. 94791-91071 एवं 07706-241970 में कर सकते हैं संपर्क

### लगातार चला रहे जागरुकता अभियानः एसपी




पुलिस अधीक्षक श्री राखेचा ने बताया कि गरियाबंद से जुड़ने वाले अन्य जिले व राज्य के लिए तीन सड़कें जिसमें एनएच 130सी जो रायपुर-राजिम-देवभोग से ओडिशा की ओर जाती है। स्टेट हाईवे 19 गरियाबं-छुरा से कोमाखान महासमुंद तथा मेजर डिस्ट्रिक रोड 10 जो राजिम-फिंगेश्वर से महासमुंद की ओर जाती है। उन्होंने सड़क दुर्घटना रोकने के लिए लगातार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें स्कूल, कॉलेजों में यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम, जनजागरूकता रैली, हेलमेट रैली, व्यावसासिक वाहन एवं ऑटो चालकों का प्रशिक्षण वाहन चालकों का समय-समय पर नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण, सड़कों एवं हाट-बाजारों में जागरुकता अभियान, चौक-चौराहों में वाहन चालकों को समझाइश दी जा रही है। सड़क में लावारिस पशुओं को व्यवस्थित करने हेतु काउकैचर की आवश्यकता तथा सड़कों पर गड्ढ़ों को पाटने, रोड किनारे खड़ा करने वाले वाहनों की पार्किंग की जगह चिन्हांकित की जा रही है। इसके अलावा यातायात संबंधी सभी मामलों में पुलिस कन्ट्रोल रूम गरियाबंद को सूचना देने के लिए मोबाइल नंबर 94791-91071 एवं 07706-241970 में संपर्क किया जा सकता है।

### दुर्घटना रोकने कर रहे व्यापक इंतजामः कलेक्टर

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम किये जा रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने यातायात नियमों का पालन एवं सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्गो को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले जंक्शन पॉइंट पर गति अवरोध के लिए मानक रंबल स्ट्रिप बनाए गए हैं। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई के अधिकारियों द्वारा चिन्हांकित स्थानों में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### ये भी रहे मौजूद

इस दौरान लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन यंत्री आर.बी. सोनी, सब इंजीनियर एनएच नेपाल सिंह कंवर, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सर्व आदिवासी समाज की कार्यकारिणी की घोषणा, नीलकंठ बने जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज जिला गरियाबंद के छग सर्व आदिवासी समाज द्वारा सर्वसहमति से कार्यकारणी का 21नवम्बर को गठन किया गया है। नवगठित प्रबंध कार्यकारणी की सूची छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज प्रदेश कार्यालय को प्रेषित किया गया। जिसमें प्रदेश संरक्षक भरतसिंह आईपीएस,पूर्व विधायक प्रदेश अध्यक्ष शिशुपाल सोरी आईएएस की अनुशंसा और सहमति से जिला गरियाबंद की कार्यकारिणी घोषित की गई। कार्यकारिणी में जिला संरक्षक छतरसिंह ठाकुर,जिला सलाहकार पन्नालाल ध्रुव,जिला अध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर,जिला उपाध्यक्ष घनश्याम मरकाम, जिला उपाध्यक्ष सरिता मरकाम,जिला कोषाध्यक्ष लेखराज धुर्वा,जिला महासचिव खामसिंह नेताम, जिला सचिव शीतल ध्रुव, जिला संयुक्त सचिव चंपेश्वर मरकाम,जिला संयुक्त सचिव दामेदार सोरी,जिला युवा अध्यक्ष मनीष ध्रुव,जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती केशरी ध्रुव,जिला मीडिया प्रभारी पुनितराम ठाकुर होंगे। जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पुरुषोत्तम सिंह सोम,सुखचंद ध्रुव,खेदुराम नेगी,विष्णु नागेश,शिवदर्शन ध्रुव,यशपेन्द्र शाह,फिरतू राम कंवर,नवतु कमार,शंकर लाल ध्रुव,मलेशु ध्रुव,पिंकी ध्रुव,केदार ध्रुव को शामिल किया गया है।

**प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल का असर**

# घर के नलों में नहीं आया पानी उद्यानों में भी लटका रहा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण रोज खुलने वाले उद्यान में संध्या ताला लटका रहा। इसके अलावा शाम को घर के नलों में भी पानी नहीं आया, जिससे नागरिकों में नाराजगी देखी गई है। नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में शाम की बेला पर गेट मे ताला लगा रहा। जिससे रोज सुबह शाम उद्यान आने वाली गृहणियों सहित नागरिकों की स्वंतत्रता आहत हुई है। नागरिकों ने बताया कि गार्डन में बच्चों के खेलने कूदने का स्थान होने से संध्या सभी आते थे। वहीं पर इवनिंग वाक भी हो जाया करती थी। 22 नवंबर की संध्या उद्यान का गेट बंद रहा जिससे हमें वापस अपने घर जाना पड़ा है। उद्यान एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र है जहां पर लोग शांति एवं सकुन के साथ मनोरंजन की दृष्टि से आते है। नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव एवं सीएमओ चंदन मानकर से प्रतिदिन उद्यान खुलवाने का अनुरोध किया है। इसी प्रकार प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से नगर के नागरिकों को शाम के समय का नलों से पानी नहीं मिला है जिससे नाराजगी देखी गई है। नागरिकों का कहना है कि किसी भी कर्मचारी के हड़ताल पर जाने की जानकारी जब पहले से होती है। आवश्यक कार्यों को करने के लिए व्यवस्था नगर पंचायत को पहले से कर ली जानी चाहिए जिससे नागरिकों को परेशानी न हो।

## घटौद सिंचाई डेम लबालब...



**मैनपुर।** मुख्यालय से 15 किमी दूर सिंचाई डेम घटौद में लबालब पानी भरा हुआ है। इस डेम से सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है। नहर नाली की मरम्मत की मांग लंबे समय से किसानों द्वारा की जा रही है।

# सहकारी समिति परसूली में राजेंद्र ने संभाला अध्यक्ष पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सहकारी समिति मर्यादित, परसूली पंजीयन क्रमांक-1765 में आज नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

■ किसानों के हित में कार्य करने का दिया आश्वासन

पदभार ग्रहण करने के बाद श्री ठाकुर ने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को सहकारी समिति के माध्यम से माइक्रो एटीएम के जरिए तत्काल 10,000 तक की सुविधा दी जा रही है। साथ ही, उन्होंने किसानों से साफ-सुथरा और सूखा हुआ धान लाने की अपील की। समिति के बेहतर प्रबंधन और किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर किसान नेता और समाजसेवी जीवन साहू, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवशरण यादव, समिति प्रबंधक देवानंद ध्रुव, नोडल अधिकारी कन्नौजे भागवत साहू, हृदय दीवान, राजू यादव, विमल यादव समेत बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीणजन उपस्थित थे।








# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जनगणना 2024 को आधार मानकर हो : संजय



**मैनपुर।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा है कि आगामी नगरीय निकाय तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव वर्तमान 2024 में जातिगत जनगणना कराकर ही कराने चाहिए। जिससे सभी वर्गों को जनसंख्या के अनुपात में चुनाव में आरक्षण का लाभ मिल सके तथा सभी को प्रतिनिधित्व मिल सके। श्री नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अजा एवं अजजा वर्ग का भी 2024 जातिगत जनगणना होना चाहिए। इन सभी वर्गो को जनसंख्या के अनुपात से आरक्षण का लाभ मिले। राज्य सरकार जिस हिसाब से अन्य पिछड़ा वर्ग का जातिगत सर्वे कराकर आरक्षण की लाभ देना चाहती है, वह स्वागत योग्य कदम है। गरियाबंद जिले के मैदानी क्षेत्रों में भी अजा एवं अजजा वर्ग की जनसंख्या निवासरत है, उसको भी लाभ मिलना चाहिए। इसका सीधा प्रभाव चुनाव पर पड़ेगा। ओबीसी वर्ग के लिए नई जनगणना जबकि अजा व अजजा वर्ग को पुरानी जनगणना वर्ष 2011 को आधार मानकर आरक्षण देने की राज्य सरकार द्वारा देने की तैयारी की है। वर्तमान वार्ड, जनपद पंचायत जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पलिका, नगर निगम का परिसीमन 2011 को मानकर किया गया है जो न्यायसंगत नहीं है। सभी क्षेत्रों एवं सभी वर्गों की वर्तमान जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का वर्गीकरण किया जाए, जिससे सभी वर्ग को प्रतिनिधित्व मिल सकें। प्रदेश की भाजपा सरकार अभी तक त्रिस्तरीय पंचायतीराज चुनाव में आरक्षण की रुपरेखा को स्पष्ट नहीं कर पाई है। जिसके कारण उहापोह की स्थिति बन सकती है। भाजपा सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए।





